प्रेस नोट

थाना बबीना, झाँसी

दिनांक – 21.08.2025

जबरन पैसा लेने तथा आत्महत्या के लिये प्रताणित करने की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना बबीना पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.08.2025 को समय करीब 10.45 बजे थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध ,चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे ,वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सटीक सूचना पर मु0अ0सं0- 211/2025 धारा 108/308(5)/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त चन्द्रपाल यादव पुत्र बादाम सिंह निवासी ग्राम गणेशपुरा थाना बबीना, जनपद झाँसी को थाना बबीना क्षेत्र के शिवगणेश कालौनी से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 11.08.2025 को वादिया श्रीमती रीना देवी पत्नी स्व0 श्री किशोर सिंह निवासी मोहल्ला शिव कालौनी थाना बबीना, जनपद झाँसी द्वारा थाना बबीना में तहरीरी सूचना देकर मु0अ0स0-211/2025 धारा 108/308(5)/351(3) बीएनएस बनाम चन्द्रपाल यादव पुत्र बादाम सिंह यादव निवासी ग्राम गणेशपुरा थाना बबीना, जनपद झाँसी आदि 04 नफर द्वारा वादिया के पति किशोर सिंह को डरा धमका कर 2 लाख 37 हजार ले लेना व किस्त भरने के लिय प्रताणित करना, जिससे वादिया के पति द्वारा आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त -

चन्द्रपाल यादव पुत्र बादाम सिंह ग्राम गणेशपुरा थाना बबीना, जनपद झाँसी।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

प्रभारी निरीक्षक थाना बबीना मय टीम।